सारी दुनिया में मैंने चैन कहीं ना जब पाया भजन लिरिक्स

सारी दुनिया में मैंने,
चैन कहीं ना जब पाया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

तर्ज – दुनिया बनाने वाले।

हमने सुना है लाखो,
पापी है तारे,
महिमा सुन के आया,
दर पे तुम्हारे,
मेरी भी सुन ले,
ओ खाटू वाले,
नाव भंवर में मेरी,
इसको बचा ले,
दर दर की ठोकर खाई,
दर तेरा अब पाया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

दुनिया के धोखे खाकर,
मन पछताया,
दर्द अपना मैंने,
तुमको सुनाया,
तेरे दर को जो छोड़ूँ,
और कहां जाऊं,
जख्म यह दिल वाले,
किसको दिखाऊं,
आजा सांवरिया प्यारे,
अब तो मैं हार के आया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

झूठे रिश्ते नाते,
झूठा जमाना,
झूठे यह महल अटारी,
झूठे यह खजाना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के खोलने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिस तन पर तू इतना,
मान करे है,
एक दिन उसको भी,
छोड़ के जाना,
सच्चा एक नाम तुम्हारा,
झूठी है जग की ये माया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

मेरे बाबा ने मुझको,
राह दिखाई,
'गोपाल' ने शब्दों की.
माला बनाई,
'कृष्णा' ने आकर के,
धुन है बजाई,
'गोविंद' ने संग में,
ताल मिलाई,
भगत ये सारे झूमे,
'राघव' ने साथ निभाया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

सारी दुनिया में मैंने,
चैन कहीं ना जब पाया,
अब तेरी शरण में आया,
बाबा अब तेरी शरण में आया।bd।

– लेखक व गायक –
गोपाल प्रजापति
8533026845

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com